Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

( क ) शैवपरिभाषा २५

( ख ) अनुभवसूत्रम् मायिदेवकृतम् २५

अथवा

नरेश्वरपरीक्षा सद्योज्योतिःकृता सटीका

अथवा

विज्ञानभैरवः क्षेमराजकृतविवृतिसहितः

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

ईश्वरप्रत्यभिज्ञा-विमर्शिनीयुता ( २-४ अधिकाराः )

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

( क ) स्वशास्त्रीयो निबन्धः ३०

( ख ) स्वशास्त्रीयेतिहासः २०

सहायकग्रन्थाः—

१—भारतीय संस्कृति और साधना—म० म० श्री गोपीनाथ-कविराजः

२—तन्त्रसाहित्य में शाक्तदृष्टि—म० म० श्री० गोपीनाथकविराजः

३—काश्मीरशैवागमः—श्री वी० सी० चटर्जी

४—शैवदर्शनसंग्रहः—डा० कान्तिचन्द्रपाण्डेयः ( सारस्वती-सुषमायां मुद्रितः )

५—शैवागमविषये डा० कान्तिचन्द्रपाण्डेयकृतानि भाषणानि ( सारस्वतीसुषमायां मुद्रितानि )

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०

वाक्परीक्षा

## २५. योगतन्त्रम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०

महार्थमञ्जरी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri


द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

(क) सुभगोदयस्तुतिः ( गोडपादकृता ) १०

(ख) परशम्भुमहिम्नस्तोत्रम् १०

(ग) सौन्दर्यलहरी ( शंकराचार्यकृता लक्ष्मीधरासहिता ) ३०

अथवा

(क) ज्ञानसिद्धिः २५

(ख) रत्नगोत्रविभागः २५

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

(क) अहिर्बुध्न्यसंहितायाः ( १-२० अध्यायाः ) २५

(ख) लक्ष्मीतन्त्रम्—( १-१० अध्यायाः ) २५

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

आम्नायभेदाः, उपासनायामपेक्षितं ज्ञानम्, गुरुशिष्यसम्बन्धः, दीक्षास्वरूपं तद्भेदाश्च, पुरश्चरणम्, मातृकापरिचयः, भूतलिपिज्ञानम्, यन्त्रविज्ञानम्, मन्त्रदीक्षा, मन्त्रार्थविचारः पीठरहस्यम्, भावाचारयोः सम्बन्धनिर्णयः, यन्त्रमन्त्रदेवोपासकानां परस्परसम्बन्धविचारः, तन्त्रोक्तयोगस्वरूपम्, समयाचारकौलाचारस्वरूपपरिचयः, कालीश्रीताराविद्यानां संक्षिप्तपरिचयः, यामलरहस्यम्, कुण्डलिनीरहस्यम्, अनाभोगस्वरूपम्, निर्माणादिकायत्रयव्यवस्था, सर्वधर्मप्रतिष्ठावादः, अभिषेकस्वरूपं तद्भेदाश्च, कालचक्रविवेचनम्, महासुखप्राप्त्युपायः, वज्रयोगः, महासुखरहस्यम्, पांचरात्राभिमतसृष्टिविज्ञानम्, वर्णोत्पत्तिक्रमः, हेवज्रसंमतं नाडीविज्ञानं देहस्थचक्रविज्ञानं च, परमैकान्तिवैष्णवः, पंचोपनिषद्रहस्यम् ।

सामान्यत उक्तविषयानधिकृत्य प्रश्नाः भविष्यन्ति ।

सहायकग्रन्थाः—

१. Tantrik Religion—By Chintaharan Chakravarti
२. तन्त्र और आगमशास्त्र का दिग्दर्शन–म० म० श्रीगोपीनाथकविराजः
३. सर्वोल्लासतन्त्र की भूमिका—दिनेशचन्द्रभट्टाचार्यः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



४. महानिर्वाणतन्त्रम्
५. मण्डलब्राह्मणोपनिषत् भाष्यसहिता—अमनस्कतारकयोगयोर्विवरणम्
६. तन्त्रतत्त्वम्—शिवचन्द्रविद्यार्णवः
७. तन्त्रसारः—अभिनवगुप्तः
८. ताराभक्तिसुधार्णवः
९. ललितासहस्रनाम—सौभाग्यभास्करसहितम्

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०
वाक्परीक्षा

## २६. धर्मशास्त्रम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०
पुरुषार्थचिन्तामणिः

द्वितीयं प्रश्नपत्रम्
कालमाधवः

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०
( क ) दत्तकमीमांसा—नन्दपण्डितकृता ३०
( ख ) विष्णुस्मृतेरशौचप्रकरणम् २०

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०
( क ) स्वशास्त्रीयो निबन्धः ३०
( ख ) स्वशास्त्रीय इतिहासः २०

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०
वाक्परीक्षा

## २७. पुराणेतिहासम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०
श्रीमद्भागवतस्य दशमस्कन्धे पूर्वार्द्धः

सहायकग्रन्थाः—
( १ ) ब्रह्मवैवर्तस्य श्रीकृष्णजन्मखण्डम्
( २ ) धर्मविज्ञानस्य द्वितीयखण्डम्
( ३ ) भारतीय वाङ्मय में श्रीराधा—श्रीबलदेव उपाध्यायः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

वाल्मीकीयरामायणस्य अयोध्याकाण्डम्

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

( क ) प्राचीनभारतीयेतिहासः (प्रारम्भतः१७०० ईशवीयवर्षपर्यन्तः ) ३०

( ख ) श्रीमद्भागवते नवमस्कन्धः २०

सहायकग्रन्थाः—

१—प्राचीन भारत—डा० राजबली पाण्डेयः

२—प्राचीन भारत का इतिहास—डा० रमाशंकरत्रिपाठी

३—पौराणिकवंशानुशीलनम्—डा० श्रीकृष्णमणित्रिपाठी

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

( क ) स्वशास्त्रीयो निबन्धः ३०

( ख ) स्वशास्त्रीयेतिहासः २०

सहायकग्रन्थाः—

१—पुराणोत्पत्तिप्रसङ्गः—श्रीमधुसूदनओझाकृतः

२—पुराणविमर्शः—श्रीबलदेवोपाध्यायकृतः

३—पुराणदिग्दर्शनम्—श्रीमाधवाचार्यकृतम्

४—पुराणपर्यालोचनम्—श्रीकृष्णमणित्रिपाठिकृतम्

५—अष्टादशपुराणपरिचयः—श्रीकृष्णमणित्रिपाठिकृतः

६—पुराणपारिजातम्—गिरिधरशर्माचतुर्वेदकृतम् ।

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०

वाक्परीक्षा

## २८. गणितम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०

अवकलसमीकरणम्—एकवर्णस्यसाधारणावकलसमीकरणानि, अपूर्वसमाधानम् ( Singular solvtion ), सस्थिरगुणकानि एकघातसमीकरणानि (Linear equations with constant conffrcients), एकरूपाणि एकघातसमीकरणानि ( Homogeneous Linear

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



epuati-ons ), मुख्यप्रकाशः ( Standard forms ), यथार्थविकल-समीकरणानि ( Exact differential equations ), द्विवर्णसमीकरणानि (Diff-erent ial equations of second order), युगपदेकघातसमीकरणानि ( Simultaneous Linear equations ), पूर्णावकलसमीकरणानि ( Total Differential equations ), आंशिकावकलसमीकरणानि ( Partial Differential equations ), लाग्राञ्जसमीकरणानि ( Lag-range's equations ), एकवर्णस्य नत्वेकघातस्यावकलसमीकरणस्य मुख्यप्रकाशः ( Standard forms of differential equations of first order but not of first degree ),

द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

बीजगणितम्—समीकरणानां मीमांसा—संख्यात्मके समाधाने द्वार्नरविधिः, अनन्ताः श्रेणयः गुणनफलं च—संसृतिः, एकरूपा संसृतिः श्रेणिका ( Matrius ) योगः, अन्तरम् . गुणनफलम् , श्रेणिकस्योत्क्रमः ।

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

दृढकायस्य गतिशास्त्रम्—जडत्वस्य घूर्णनं गुणनफलं च ( Moments & Products of Inertial ) दी अलम्बर्ट सिद्धान्तः गतिसमीकरणानि च। स्थिराक्षं परितः गतिः, द्विविस्तारिषु गतिः, तात्कालिकं गतिकेन्द्रम् , रैखिकस्य कोणीयस्य च वेगस्य संरक्षणम् , शक्तिसंरक्षणम् , व्याप्यतामानीतेषु, नियामकेषु लाग्राञ्जगतिसमीकरणानि तेषां प्रयोगाश्च, बालक्रीडा-चक्रस्य गतिः ( Motion of Top )

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

( क ) गणितविषयको निबन्धः ३०

( ख ) गणितशास्त्रस्येतिहासः २०

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०

वाक्परीक्षा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



## २९. सिद्धान्तज्यौतिषम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०

प्रतिभाबोधकम्, दीर्घवृत्तलक्षणस्य पूर्वार्द्धम्, भाभ्रमरेखानिरूपणम

द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

(क) सर्वानन्दकरणस्य पूर्वार्द्धम् ३५

(ख) धराभ्रमः १५

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

(क) सर्वानन्दकरणस्योत्तरार्द्धम् ( प्रौढरञ्जनखण्डम् ) ३०

(ख) वास्तवचन्द्रश्रृङ्गोन्नतिः २०

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

(क) स्वशास्त्रीयेनिबन्धः ३०

(ख) स्वशास्त्रीयेतिहासः २०

सहायकग्रन्थाः—

१—भारतीयज्यौतिषशास्त्रस्येतिहासः—शङ्करबालकृष्ण-दीक्षितकृतः

२—गणकतरङ्गिणी—श्रीसुधाकरद्विवेदकृता

३—ज्योर्तिनिबन्धावली—प्र०—विक्रम प्रेस भदैनी, वाराणसी

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०

वाक्परीक्षा

## ३०. फलितज्यौतिषम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०

जातकपारिजातः, ( आदितः जातकभङ्गाध्यायान्तः )

द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

जातकपारिजातः ( राजयोगाध्यायात् समाप्तिपर्यन्तः )

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

नरपतिजयचर्या

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

(क) स्वशास्त्रीयो निबन्धः ३०

(ख) स्वशास्त्रीयेतिहासः २०

सहायकग्रन्थाः—

१—भारतीयज्यौतिषशास्त्रस्येतिहासः—श्रीशङ्करबालकृष्णदीक्षितकृतः

२—गणकतरंगिणी—श्रीसुधाकरद्विवेदकृता

३—ज्योतिर्निबन्धावली—प्र०—विक्रम प्रेस, भदैनी, वाराणसी

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०

वाक्परीक्षा

## ३१. पालिः

**अनिवार्यपत्रे**

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०

विसुद्धिमग्गो ( महाटीकासहितो १७-२३ निद्देसा )

द्वितीयं प्रश्नपत्रम्

बौद्धसाहित्य का इतिहास, पालिभाषा का उद्‌गम और विकास, सूत्र, विनय, अभिधर्म, वैपुल्यसूत्र, सर्वास्तिवादी विनय एवं अभिधर्म, अश्वघोष, नागार्जुन, असंग, वसुबन्धु, दिङ्नाग, शान्तरक्षित, बुद्धघोष, धम्मपाल, बुद्धदत्त, अनिरुद्ध ।

सहायकग्रन्थाः—

थेरवाद शास्त्रिपरीक्षा द्वितीयखण्डवत् ।

**वैकल्पिकविषये—**

### १. सूत्रे

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

अंगुत्तरनिकायो ( चतुक्कनिपात ) अट्ठकथासहितो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri


चतुर्थं प्रश्नपत्रम्
सूत्रसम्बन्धी निबन्धः — ५०
( अनयोः पत्रयोः स्थाने शोधनिबन्धः ग्रहीतुं शक्यते )

पञ्चमं प्रश्नपत्रम्
वाक्परीक्षा — ५०

## २. विनये

तृतीयं प्रश्नपत्रम्
समन्तपासादिका आदितः वेरञ्जनाकण्डपर्यन्ता — ५०

चतुर्थं प्रश्नपत्रम्
विनयसम्बन्धी निबन्धः — ५०
( अनयोः पत्रयोः स्थाने शोधनिबन्धः ग्रहीतुं शक्यते )

पञ्चमं प्रश्नपत्रम्
वाक्परीक्षा — ५०

## ३. अभिधर्मे

तृतीयं प्रश्नपत्रम्
पट्ठानं ( पच्चयनिद्देस, पटिच्चवार, पञ्हावार ) — ५०

चतुर्थं प्रश्नपत्रम्
अभिधर्मसम्बन्धी निबन्धः
( अनयोः पत्रयोः स्थाने शोधनिबन्धः ग्रहीतुं शक्यते ) — ५०

पञ्चमं प्रश्नपत्रम्
वाक्परीक्षा — ५०

## ३२. प्राकृतम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् — ५०
( क ) षट्खण्डागमे धवलाटीकासहिते प्रथमसूत्रावतारान्तो भागः ( पृष्ठ १-१३१ ) — २५
( ख ) बृहत्कल्पभाष्यपीठिका — २५

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

कुवलयमाला ( पृ० १–५० )—उद्योतनकृता

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

आवश्यकं सूत्रं चूर्णिसहितम् सामयिकाध्ययनमात्रम्

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

( क ) स्वशास्त्रीयो निबन्धः ३०

( ख ) स्वशास्त्रीयेतिहासः २०

पञ्चमं पशनपत्रम् ५०

वाक्परीक्षा

## ३३. प्राचीनराजशास्त्रार्थशास्त्रम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०

कौटलीयार्थशास्त्रस्य अष्टमाधिकरणादवशिष्टो भागः

द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

महाभारतस्य राजधर्मः

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

आधुनिकार्थशास्त्र-राजनीतिशास्त्राभ्यां प्राचीनाथशास्त्र-राजनीतिशास्त्रयोस्तुलनात्मकमध्ययनम्

**विशेषः**—सहायकग्रन्थाः पश्चान्निर्देश्यन्ते

चतुर्थं प्रश्नपत्रम् ५०

( क ) स्वशास्त्रीयो निबन्धः ३०

( ख ) स्वशास्त्रीयेतिहासः २०

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०

वाक्परीक्षा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



# ३४. तुलनात्मकदर्शनम्

प्रथमं प्रश्नपत्रम् ५०

पाश्चात्यदर्शनस्य समकालिकेतिहासः

( विश्लेषणात्मकदर्शनम्–रसेल–विजगेस्टाइन–एयर। अस्तित्ववादीदर्शनम्–हेडगर सार्त्रे। मानववादीदर्शनम्–कार्लिस–लेमान्ट। द्वन्द्वात्मकभौतिकवादः। आंग्ल अध्यात्मवादः ब्रैडले )।

पाठ्यग्रन्थाः—

(क) कन्टेम्पोरेरी फिलासफी—कोपलेस्टन

(ख) चीफ करेन्टस् आफ कन्टेम्पोरेरी फिलासफी—डी० एम० दत्त

सन्दर्भग्रन्थाः—

(क) ए हण्ड्रेड इयर्स आफ फिलासफी—जे० पासमोर ( अनु० )

(ख) आवरनालेज आफ इक्सटर्नल वर्ड—रसेल

(ग) आभास औ सत्—ब्रेडले

(घ) भाषा, सत्य और तर्कशास्त्र—एयर

(ङ) समकालीन दार्शनिक चिन्तन—हृदयनारायण मिश्र

द्वितीयं प्रश्नपत्रम् ५०

भारतीयदर्शनस्य समकालिकेतिहासः—

( राजाराममोहनराय—दयानन्द–विवेकान्द-अरविन्द-रवीन्द्रनाथ टैगोर—के० सी० भट्टाचार्य–महात्मागांधी–भगवानदास–एम० एन० राय–मुहम्मद इकबाल—राधाकृष्णन् )

पाठ्यग्रन्थाः—

(क) कन्टेम्पोरेरी इण्डियन फिलासफी–राधाकृष्णन तथा म्यूरहेड

(ख) चीफकरेन्टस आफ कन्टेम्पोरेरी फिलासफी—डी० एम० दत्त

(ग) समकालीन भारतीय दर्शन—लक्ष्मी सक्सेना

सन्दर्भग्रन्था :—

(क) सबधर्मों की बुनियादी एकता—भगवानदास

(ख) आधुनिक भारतीय चिन्तक—विश्वनाथ नरवणे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



(ग) समकालीनभारतीयदर्शन—लक्ष्मीसक्सेना

(घ) सत्यार्थ प्रकाश—दयानन्द

(ङ) कन्टेम्पोरेरी फिलासफी—एस० के० श्रीवास्तव

(च) कन्टेम्पोरेरी इण्डियनफिलासफी— विनयगोपाल रे।

तृतीयं प्रश्नपत्रम् ५०

**( अस्मिन् विश्वविद्यालये सम्प्रति (❀) चिह्नाङ्कितस्यैव अध्यापनं प्रश्नपत्रञ्च विधीयते )**

❀ नागार्जुनब्रेडलेदर्शने

पाठ्यग्रन्था :—

(क) आभास और सत्—ब्रैडले

(ख) नागार्जुनस्य मूलमाध्यामिककारिका

सन्दर्भग्रन्थः—

१—सेन्ट्रल फिलासफी आफ बुद्धिज्म—टी० आर० वी० मूर्ति

अथवा

हीगेल-रामानुजदर्शने— ५०

पाठ्यग्रन्थाः—

(क) विश्वप्रपञ्च हीगेल ( द्वयोः भागयोः )

(ख) रामानुजस्य ब्रह्मसूत्रश्रीभाष्यम् ( चतुःसूत्री )

चतुर्थं प्रश्नपत्रम्

( क ) स्वशास्त्रीयो निबन्धः ३०

( ख ) स्वशास्त्रीयेतिहासः २०

अथवा

विभागाध्यक्षस्यानुमतया प्रबन्धलेखनम् ५०

पञ्चमं प्रश्नपत्रम् ५०

वाक् परीक्षा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

# विद्यावारिधि उपाधि सम्बन्धी अध्यादेश

(१) विद्यावारिधि उपाधि हेतु पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी की निम्नलिखित योग्यता आवश्यक है :—

(क) इस विश्वविद्यालय का आचार्य, अथवा

(ख) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से या इस विश्वविद्यालय द्वारा एतदर्थ मान्य किसी संस्था से संस्कृत, पाली, प्राकृत तथा अन्य सम्बद्ध विषयों में ( यथा—भोट-विद्या, प्राचीन-भारतीय-संस्कृति और इतिहास, भारतीय धर्म और दर्शन, शिक्षाशास्त्र, आयुर्वेद में ) एम० ए० या आचार्य या अन्य स्नातकोत्तर उपाधि, अथवा

(ग) भाषाविज्ञान में विद्यावारिधि उपाधि के लिए विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था से भाषाविज्ञान या किसी संस्कृत मूलक-भाषा में एम० ए० या स्नातकोत्तर उपाधि।

(२) पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी को ३१ जुलाई तक अथवा ३१ जनवरी तक अपनी योग्यता एवं अनुसंधेय ( शोध–) विषय का उल्लेख करते हुए तथा उक्त विषय में किये गये कार्य का, (यदि अभ्यर्थी ने कोई कार्य किया है), विवरण संलग्न करते हुए विश्वविद्यालय में आवेदन करना होगा। ३१ जुलाई तक प्राप्त आवेदनपत्रों पर यथासंभव फरवरी में विचार होगा।

(३) सभी आवेदपत्रों का परिवीक्षण ( स्क्रुटिनी ) अनुसन्धान-उपाधि-समिति द्वारा होगा जिसका गठन इस प्रकार होगा :—

(क) कुलपति—अध्यक्ष

(ख) सम्बद्ध संकायाध्यक्ष, यदि कोई हो

(ग) सम्बद्ध विभागाध्यक्ष—सचिव

(घ) निदेशक, अनुसन्धान संस्थान



Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



(ङ) विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर कुलपति द्वारा नामित दो विद्वान्

(च) कुलसचिव

समिति की बैठकें विभागाध्यक्ष द्वारा बुलायी जायेंगी और सभी सम्बद्ध अभिलेख कुलसचिव कार्यालय में रखे जायेंगे।

(४) प्रत्येक आवेदनपत्र, अनुसन्धान-उपाधि समिति के समक्ष रखा जायेगा। जब यह समिति सन्तुष्ट हो जाय कि दिया हुआ विषय ऐसा है कि उसमें विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक अनुसन्धान किया जा सकता है तथा अभ्यर्थी के पास आवश्यक योग्यता एवं उपकरण हैं, तब आवेदनपत्र स्वीकार कर लिया जायेगा तथा अभ्यर्थी के कार्य के निर्देशन के लिए समिति विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक अथवा अधिकारी को नियुक्त कर देगी।※ और पंजीकरण की तिथि घोषित करेगी किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि एक शैक्षणिक सत्र में अधिक से अधिक ५ शोध छात्र आचार्य के मार्ग निर्देशन में, ३ छात्र उपाचार्य के मार्ग निर्देशन में और २ छात्र प्राध्यापक के मार्ग निर्देशन में पंजीकृत किये जा सकेंगे। किन्तु जिस विभाग में अध्यापक संख्या २ या २ से कम है वहाँ प्राध्यापक के मार्ग निर्देशन में ३ छात्र तक पंजीकृत किये जा सकेंगे तथा अधिक से अधिक ३ शोध छात्र किसी अधिकारी कुलपति, कुलसचिव, पुस्तकाध्यक्ष और गवेषणालय संचालक—के कार्य निर्देशन में एक सत्र में पंजीकृत किये जा सकेंगे। विशेष परिस्थिति में आचार्य–विभागाध्यक्ष के मार्ग निर्देशन में अधिक से अधिक ५ तक और अभ्यर्थी पंजीकृत किये जा सकेंगे। सम्मानित प्राध्यापक भी मार्ग निर्देशक हो सकते हैं।※ समिति का कार्य विवरण विद्यापरिषद् की अगली बैठक में प्रतिवेदित किया जायेगा। पंजीकरण स्वीकृति की सूचना अभ्यर्थी के पास सचिव द्वारा भेजी जायेगी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



(५) प्रत्येक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के छात्र के रूप में कम से कम २० माह की अवधि तक पूर्णकालिक अनुसन्धान का कार्य पूरा करेगा। ❀ "किन्तु इस विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालय के अध्यापक को अपनी सेवा में रत रहते हुए कार्य करने की अनुमति होगी, उन्हें केवल अपने मार्ग निर्देशक से नियमित रूप से परामर्श लेना होगा और कम से कम ६ मास वाराणसी में उपस्थित रहकर निर्देशक के निर्देशन में कार्य करना होगा। यह अवधि एक सातत्य में होनी आवश्यक नहीं है। भारत मूल के विदेशी नागरिकों को बाहर रह कर विद्यावारिधि करने की अनुमति प्राप्त हो सकेगी, यदि वे किसी विश्वविद्यालय में संस्कृत के अध्यापक हैं तथा इस विश्वविद्यालय के आचार्य हों किन्तु कम से कम ६ मास तक उन्हें वाराणसी उपस्थित रहना आवश्यक होगा।

प्रत्येक मार्ग निर्देशक के पास प्रत्येक शोधछात्र की प्रगति पंजिका रखी जायगी, जिसमें उसके मार्ग निर्देशन में कार्यरत प्रत्येक शोधछात्र का पंजीकरण तिथि से २० महीने तक प्रगति का तथा उपस्थिति का मासिक विवरण अंकित होना अपेक्षित है। इस पंजिका का निरीक्षण विभागाध्यक्ष, संकायाध्यक्ष तथा सम्बद्ध अनुसंधान उपाधि समिति समय-समय पर करेगो। इस विश्वविद्यालय के अध्यापकों, अधिकारियों और ग्रन्थालय के कर्मचारियों के लिए उपस्थिति का यह प्रतिबन्ध नहीं रहेगा।❀

टिप्पणी :—इस विश्वविद्यालय का कोई कार्यकर्ता ( सरस्वती-भवन-पुस्तकालय का कार्यकर्ता अपने कर्त्तव्य का पालन करते हुए भी ) अनुमति लेकर अथवा वाराणसी स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षणसंस्था का अध्यापक इन अध्यादेशों के अनुसार अनुसन्धान कार्य कर सकता है।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



(६) वह अनुसन्धान कार्य वाराणसी में करेगा किन्तु निर्देशक की संस्तुति पर कुलपति सामान्यतया एक वर्ष से अनधिक समय के लिए उसकी अनुपस्थिति को इस आधार पर स्वीकृत कर सकते हैं कि उसे उस अनुसन्धान कार्य के अनुरोध से अन्यत्र कार्य करना चाहिए। (किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि एक साथ ६ माह से अधिक के लिए प्रार्थना स्वीकार न होगी)

(७) प्रवेश पाने के एक वर्ष के अन्दर अभ्यर्थी अनुसन्धान-उपाधि-समिति (रिसर्च डिग्री कमेटी) की स्वीकृति से अपने विषय की योजना में संशोधन कर सकता है।

(८) शोधप्रबन्ध की भाषा सामान्यतः संस्कृत, पाली अथवा प्राकृत होगी। विशेष परिस्थिति में अनुसन्धान-उपाधि-समिति हिन्दी या भोट भाषा के प्रयोग की अनुमति दे सकती है। भाषाविज्ञान तथा शिक्षाशास्त्र के शोधप्रबन्ध अनुसन्धान उपाधि समिति की अनुमति से हिन्दी भाषा में भी प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

(९) विभागाध्यक्ष द्वारा इस प्रतिवेदन पर कि शोधप्रबन्ध ६ मास के अन्दर प्रस्तुत हो सकता है, अनुसन्धान उपाधि समिति की संस्तुति पर कुलपति तीन परीक्षकों की नियुक्ति करेंगे जिनमें एक परीक्षक सम्बद्ध शोध प्रबन्ध का निर्देशक होगा। पाँच से अन्यून विश्वविद्यालय के बाहर के परीक्षकों की नामावली सम्बद्ध अभ्यर्थी के निर्देशक द्वारा सम्बद्ध विभागाध्यक्ष के माध्यम से प्रस्तावित की जायगी जिसमें से परीक्षकों के नाम सूची की संस्तुति अनुसन्धान उपाधि समिति करेगी। अनुसन्धान उपाधि समिति प्रस्तावित सभी नामों को अस्वीकार कर सकती है और निर्देशक से नये प्रस्ताव विभागाध्यक्ष के माध्यम से मांगसकती है।

(१०) शोध-प्रबन्ध (थीसिस) के पूरा होने पर अभ्यर्थी इसकी ५ मुद्रित अथवा टंकित किन्तु अप्रकाशित प्रतियाँ निर्देशक के निम्नलिखित प्रमाणपत्रों के साथ प्रस्तुत करेगा :—

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



"मैं प्रमाणित करता हूँ कि इस शोध प्रबन्ध में नये तथ्यों का आविष्कार किया गया है तथ्यों अथवा सिद्धान्तों का पर्यालोचन नयी दृष्टि से किया गया है तथा इस शोध प्रबन्ध की भाषा और शैली सन्तोषजनक है और प्रकाशन के योग्य है।"

टिप्पणी :—विशेष स्थिति में शोधप्रबन्ध हस्तलिखित पुस्तकों का समालोचनात्मक सम्पादन ( क्रिटिकल एडिटिंग ) भी हो सकता है।

(११) अभ्यर्थी को यह निर्दिष्ट करना होगा कि उसने अपने शोध-प्रबन्ध ( थीसिस ) में कहाँ तक अपने नवीन अनुसन्धान एवं पर्यवेक्षण का समावेश किया है तथा उसकी दृष्टि में उसके शोधकार्य ने कहाँ तक उस विषय के ज्ञान को आगे बढ़ाया है।

(१२) अभ्यर्थी सहायक-विषय के रूप में अपने विषय को पुष्टि के लिए स्वयं अथवा अन्य व्यक्ति के साथ प्रकाशित किसी मुद्रित लेख या लेखों को भी प्रस्तुत कर सकता है। सहायक विषय के रूप में प्रस्तुत किये गये अन्य-व्यक्ति के साथ प्रकाशित लेख के विषय में पूर्ण विवरण देना आवश्यक होगा कि उस लेख में अपना अंश कितना है।

(१३) अभ्यर्थी अपने शोधप्रबन्ध ( थीसिस ) में उस विषय पर किये गये अपने अन्य शोध कार्य का अंश सम्मिलित कर सकता है किन्तु वह अपने किसी शोध कार्य अथवा उसके पर्याप्त भाग का अपने शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) में सन्निवेश नहीं कर सकता है जिस पर उसे इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य विश्वविद्यालय से उपाधि मिल चुकी हो।

(१४) परीक्षक शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) का परीक्षण करेंगे तथा अपना प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र पर प्रेषित करेंगे। अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पूर्व परीक्षक एक दूसरे से परामर्श कर सकते हैं। शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) में सुधार के लिए ऐसे सुझाव जिसे वे उचित समझें, दे सकते हैं।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



(१५) शोध प्रबन्ध के निरीक्षण के उपरान्त वे सुझाव दे सकते हैं कि शोधप्रबन्ध स्वीकृत/अस्वीकृत कर दिया जाय अथवा विद्या-परिषद् के निर्णय के दिनांक से दो वर्ष के अन्दर अभ्यर्थी को संशोधित रूप में अपने शोधप्रबन्ध को पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाय। परन्तु संशोधन की संस्तुति करते समय यह आवश्यक होगा कि परीक्षक संशोधन के लिए अभ्यर्थी को संशोधनीय अंश के विषय में स्पष्ट निर्देश दे। यदि अनुसन्धान-उपाधि-समिति यह समझती है कि संशोधन के निर्देश अस्पष्ट या अपर्याप्त हैं तो संशोधन की संस्तुति को अस्वीकृत की संस्तुति मानकर अनुसन्धान-उपाधिसमिति चतुर्थ परीक्षक की नियुक्ति की संस्तुति करेगी।

(१६) जब दो परीक्षक पक्ष में हों और एक परीक्षक शोध प्रबन्ध को अस्वीकार कर दे अथवा धारा १५ में निर्दिष्ट परिस्थिति में एक परीक्षक द्वारा संशोधन के निर्देश के अस्पष्ट या अपर्याप्त होने के कारण परीक्षक की संशोधन की संस्तुति को अस्वीकृति की संस्तुति मान लिया जाय तब अनुसन्धान-उपाधि-समिति की संस्तुति पर कुलपति द्वारा चतुर्थ परीक्षक की नियुक्ति की जायेगी। यह चतुर्थ परीक्षक पूर्व प्रस्तावित सूची में से होगा। चतुर्थ परीक्षक का निर्णय अन्तिम होगा।

(१७) यदि सभी परीक्षक संस्तुत करते हैं कि शोध प्रबन्ध स्वीकृत्यर्ह है तो विश्वविद्यालय वाक् परीक्षा की व्यवस्था करेगा। वाक् परीक्षा के लिए दो परीक्षक होंगे—एक मार्ग निर्देशक और अन्य परीक्षकों में से ऐसा एक परीक्षक जिसने शोध-प्रबन्ध को स्वीकार करने की संस्तुति की हो। यदि परीक्षकों में अधिक संख्यक अथवा धारा १६ के अनुसार नियुक्त चतुर्थ परीक्षक शोध प्रबन्ध को अस्वीकार कर देते हैं तो फिर अन्य कोई कार्यवाही नहीं की जायगी और शोध प्रबन्ध, उपाधि के लिए अस्वीकृत समझा जायेगा। अस्वस्थता, अस्वीकृति या मृत्यु के

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



कारण परीक्षक की रिक्ति होने पर उस स्थान पर परीक्षक नियुक्त करने का अधिकार कुलपति को होगा।

(१८) यदि वाक् परीक्षक भी अनुसन्धान उपाधि प्रदान करने की संस्तुति करते हैं तो सभी संस्तुतियां अनुसन्धान उपाधि समिति के समक्ष प्रस्तुत की जायेंगी और अनुसन्धान उपाधि समिति इन संस्तुतियों से सन्तुष्ट होने पर अभ्यर्थी को विद्यावारिधि उपाधि देने की घोषणा करेगी। अनुसन्धान उपाधि की स्वीकृति के सम्बन्ध में असहमत होने की दशा में समिति इस विषय को अपने अभिमत के साथ विद्यापरिषद को अभिदिष्ट करेगी और विद्यापरिषद का निर्णय अन्तिम होगा।

(१९) उस परिस्थिति में जब कि वाक्-परीक्षक शोध प्रबन्ध (थीसिस) के परीक्षकों की संस्तुतियों से सहमत नहीं होते हैं, अभ्यर्थी से कहा जायगा कि वह एक वर्ष के अन्दर पुनः वाक् परीक्षा में प्रविष्ट हो। यदि अभ्यर्थी द्वितीय बार भी वाक् परीक्षकों को सन्तुष्ट नहीं कर सका तो उसका शोध प्रबन्ध अनुसन्धान उपाधि के लिए अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

(२०) कोई भी अभ्यर्थी एक बार से अधिक अपने शोध प्रबन्ध (थीसिस) को संशोधित रूप में प्रस्तुत नहीं कर सकता तथा दो बार से अधिक वाक्-परीक्षा में प्रविष्ट नहीं हो सकता है।

(२१) शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) के प्रकाशन करने पर उसके मुख्यपृष्ठ पर अभ्यर्थी को यह लिखना आवश्यक होगा कि उक्त शोध-प्रबन्ध सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा विद्यावारिधि ( पी–एच० डी० ) उपाधि के लिए स्वीकृत हुआ है।

(२२) अभ्यर्थी परीक्षा के लिए २५० रु० शुल्क देगा।

(२३) प्रत्येक परीक्षक को शोध प्रबन्ध पढ़ने के लिए ५० रु० तथा अभ्यर्थी की वाक् परीक्षा के लिए ५० रु० दिया जायगा।

टिप्पणी :—यदि शोध प्रबन्ध का ही परीक्षक वाक् परीक्षा लेता है तो उसे ७५ रु० पारिश्रमिक दिया जायगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

## विद्यावारिधि (पी-एच० डी०) उपाधि के लिए परीक्षकों का प्रतिवेदन

परीक्षक प्रतिवेदित करते हैं कि............ने एक शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) विद्यावारिधि ( पी-एच० डी० ) उपाधि के लिए प्रस्तुत किया है।

भाग १—केवल शोध प्रबन्ध ( थीसिस के परीक्षकों के लिये )

(१) शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) के परीक्षण के उपरान्त परीक्षक प्रतिवेदित करते हैं कि :—

१—अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) ऐसा अनुसन्धान कार्य है जिसकी विशेषता है—

(क) नये तथ्यों के आविष्कार अथवा

(ख) तथ्यों या सिद्धान्तों के पर्यालोचन स्पष्टीकरण के लिए नया दृष्टिकोण।

२—जहां तक इस शोध प्रबन्ध ( थीसिस ) की भाषा और शैली का प्रश्न है, वह सन्तोषजनक है तथा विद्यावारिधि ( पी-एच० डी० ) उपाधि के लिए सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत शोध प्रबन्ध के रूप में प्रकाशन के योग्य हैं।

(२) शोध-प्रबन्ध के परीक्षण के उपरान्त परीक्षक संस्तुति करते हैं कि अभ्यर्थी अपने शोध-प्रबन्ध ( थीसिस ) को पुनः संशोधित रूप में प्रस्तुत करें।

भाग–२ ( केवल वाक्-परीक्षा के परीक्षकों के लिए )

परीक्षक प्रतिवेदित करते हैं कि हमने अभ्यर्थी की उसके शोध-प्रबन्ध के विषय पर वाक् परीक्षा ली है और हमें सन्तोष है कि (क) वह विषयवस्तु से परिचित है (ख) शोध प्रबन्ध अभ्यर्थी द्वारा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



किया गया कार्य है, तथा (ग) अभ्यर्थी निर्विवाद रूप से समालोचनात्मक परीक्षण तथा निर्णय के लिए समर्थ है।

भाग–३ ( यहाँ परीक्षक उन कारणों का एक संक्षिप्त विवरण देंगे जिनपर भाग १ तथा २ के अन्तर्गत निर्णय आधारित हैं )

भाग–४ परीक्षक प्रतिवेदित करते हैं कि—

(क) अभ्यर्थी को विद्यावारिधि ( पी–एच० डी० ) उपाधि दी जाय।

(ख) अभ्यर्थी को विद्यावारिधि ( पी–एच० डी० ) की उपाधि न दी जाय।

(ग) अभ्यर्थी को निर्णय होने के दिनांक से ६ माह के अन्दर वाक् परीक्षा में पुनः उपस्थित होने की अनुमति दी जाय।

**शोध प्रवन्ध का परीक्षक।**

......................

**वाक् परीक्षा का परीक्षक**

यह अध्यादेश दिनांक ९–२–७५ से प्रभावी होगा तथा विद्यावारिधि उपाधि से सम्बद्ध पूर्व स्वीकृत अध्यादेश तथा संशोधन एतद् द्वारा निरस्त किये जाते हैं।

( विद्या परिषद की बैठक दिनांक ७-८ फरवरी १९७५ में तथा कार्य परिषद की बैठक दिनांक ९–२–७५ में स्वीकृत )

❀ चिन्हित अंश ( कार्य परिषद की बैठक दि० १६–२–७६ में संशोधित तथा दि० ७-२-७५ से प्रभावी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

# वाचस्पति उपाधि सम्बन्धी अध्यादेश

(१) वाचस्पति उपाधि हेतु पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हता होनी चाहिए :—

(क) इस विश्वविद्यालय की विद्यावारिधि ( डाक्टर आफ फिलासफी ) उपाधि अथवा विधि द्वारा मान्य किसी अन्य विश्वविद्यालय से तत्समकक्ष अनुसंधान—उपाधि, संस्कृत, पालि अथवा प्राकृत तथा किसी अन्य सम्बद्ध विषय में (यथा भोट विद्या, प्राचीन भारतीय संस्कृति और इतिहास, भारतीय धर्म और दर्शन, शिक्षाशास्त्र, आयुर्वेद में) प्राप्त होनी चाहिए। भाषा विज्ञान में वाचस्पति उपाधि के लिए विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था की भाषा विज्ञान में या किसी संस्कृत मूलक भाषा में अनुसंधान उपाधि प्राप्त होनी चाहिए।

(ख) विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से न्यूनातिन्यून ७ वर्ष पहले का आचार्य अथवा संस्कृत, पालि या प्राकृत में या किसी अन्य सम्बद्ध विषय में (यथा भोट विद्या, प्राचीन भारतीय संस्कृति और इतिहास, भारतीय धर्म और दर्शन, शिक्षाशास्त्र, आयुर्वेद में) एम० ए० होना चाहिए। भाषा विज्ञान में वाचस्पति उपाधि के लिए विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय या संस्था की ७ वर्ष पूर्व प्राप्त की हुई एम० ए० उपाधि होनी चाहिए। साथ ही उसकी अनुसंधान कृतियां प्रकाशित होनी चाहिए जिन्हें अनुसंधान उपाधि समिति, विद्यावारिधि अथवा तत्समकक्ष उपाधि से, मुक्त कराने के योग्य समझे।

(२) अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में विषय, श्रेणी, वर्ष, संस्था तथा पहले किये गये अनुसंधान के पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri


उपाधियों का उल्लेख करना चाहिए। खण्ड १ (ख) के अधीन उपाधि के लिए आवेदन कर रहे अभ्यर्थी को प्रकाशित अनुसंधान कृति की प्रतियां जमा करनी चाहिए। प्रत्येक दशा में आवेदन पत्र के साथ, जिस विषय में अनुसंधान करना चाहते हों, उसके विश्वविद्यालयीय विभागाध्यक्ष का इस आशय का प्रमाणपत्र संलग्न होना चाहिए कि स्वभाव, चरित्र, ज्ञान तथा उपलब्धियों में वाचस्पति उपाधि के लिए आवेदन करने के लिए यह उपयुक्त तथा उचित अभ्यर्थी है उसे वह विशिष्ट विषय भी लिखना चाहिए जिसमें वह अनुसंधान करना चाहता हो।

(३) आवेदनपत्र अनुसंधान उपाधि समिति के समक्ष रखा जायेगा। समिति का गठन निम्नलिखित रूप में होगा :—

(क) कुलपति—अध्यक्ष

(ख) सम्बद्ध संकायाध्यक्ष

(ग) सम्बद्ध विभागाध्यक्ष-सचिव

(घ) निदेशक अनुसंधान संस्थान

(ङ) विभागाध्यक्ष की संस्तुति पर कुलपति द्वारा नामित दो विद्वान्।

(च) कुलसचिव

समिति की बैठकें विभागाध्यक्ष द्वारा बुलायी जायेंगी और सभी सम्बद्ध अभिलेख कुलसचिव कार्यालय में रखे जायेंगे।

(४) प्रत्येक आवेदनपत्र अनुसंधान उपाधि समिति के समक्ष रखा जायेगा। जब यह समिति सन्तुष्ट हो जाय कि दिया हुआ विषय ऐसा है कि उसमें विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक अनुसंधान किया जा सकता है तथा अभ्यर्थी के पास आवश्यक योग्यता एवं उपकरण हैं, तब आवेदन पत्र स्वीकार कर लिया जायेगा और अभ्यर्थी के कार्य के निर्देशन के लिए समिति विश्वविद्यालय के किसी अध्यापक, अधिकारी (कुलपति और आचार्यों में से ही कोई निर्देशक हो सकेगा) को नियुक्त कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



देगी॰ और पंजीकरण तिथि की घोषणा करेगी।॰ यही समिति विद्यावारिधि से छूट भी देने का निर्णय कर सकेगी। समिति का कार्य विवरण विद्या परिषद् की अगली बैठक में प्रतिवेदित किया जायगा। पंजीकरण-स्वीकृति की सूचना अभ्यर्थी के पास सचिव द्वारा भेजी जायेगी।

(५) अभ्यर्थी अनुसंधान उपाधि समिति द्वारा स्वीकृत विषय पर उसके द्वारा नियुक्त निर्देशक के पथ प्रदर्शन में विश्वविद्यालय में न्यूनातिन्यून दो वर्षों तक अनुसंधान करेगा। ॰ किन्तु धारा ६ के अधीन यदि मुद्रित ग्रन्थ वाचस्पति उपाधि के लिए प्रस्तुत निबन्ध के रूप में प्रस्तुत हो तो केवल निम्नलिखित प्रतिबन्ध की पूर्ति आवश्यक होगी—

(क) स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण हुए कम से कम ७ वर्ष व्यतीत हो चुके हों तथा—

(ख) विद्यावारिधि या समकक्ष उपाधि उत्तीर्ण हुए कम से कम २ वर्ष व्यतीत हो चुके हों, अथवा—

जिस उच्चस्तरीय प्रकाशन के आधार पर सम्बद्ध अभ्यर्थी को विद्यावारिधि से छूट मिली हो, उसकी प्रकाशन तिथि व्यतीत हुए कम से कम २ वर्ष हो चुके हों।

मुद्रित ग्रन्थ को वाचस्पति उपाधि के लिए निबन्ध रूप में प्रस्तुत करने वालों को २ वर्ष तक विश्वविद्यालय में शोधकार्य करने के प्रतिबन्ध से मुक्त माना जायगा।॰

(६) अभ्यर्थी, अपने पंजीकरण के १ वर्ष के अन्दर अनुसंधान उपाधि समिति की स्वीकृति लेकर अपने विषय की योजना में संशोधन कर सकता है।

(७) शोध-प्रबन्ध की भाषा सामान्यतः संस्कृत, पालि अथवा प्राकृत होगी विशेष परिस्थिति में अनुसंधान उपाधि समिति हिन्दी या भोट भाषा के प्रयोग की अनुमति दे सकती है। भाषा-विज्ञान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri


तथा शिक्षाशास्त्र के शोध प्रबन्ध अनुसंधान उपाधि समिति की अनुमति से हिन्दी भाषा में भी प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

(८) विभागाध्यक्ष के इस प्रतिवेदन पर कि अभ्यर्थी के छः मास के अन्दर शोधप्रबन्ध जमा करने की सम्भावना है, अनुसंधान उपाधि समिति की संस्तुति पर विद्या-परिषद् तीन परीक्षक नियुक्त करेगी जिनमें से दो वाक् परीक्षा लेंगे तथा आपात स्थिति के लिए विद्यापरिषद् क्रम से एक अतिरिक्त परीक्षक सूची भी स्वीकृत करेगी जिनमें से परीक्षकों की आपात् रिक्ति की पूर्ति की जायेगी।

(९) शोध प्रबन्ध (थीसिस) के पूरा होने पर अभ्यर्थी इसकी ५ मुद्रित अथवा टंकित किन्तु अप्रकाशित प्रतियां निर्देशक के निम्नलिखित प्रमाणपत्रों के साथ प्रस्तुत करेगा :—

"मैं प्रमाणित करता हूं कि इस शोध प्रबन्ध में नये तथ्यों का आविष्कार किया गया है। तथ्यों अथवा सिद्धान्तों का प्रर्यालोचन नयी दृष्टि से किया गया है तथा इस शोध प्रबन्ध की भाषा और शैली सन्तोषजनक है और प्रकाशन के योग्य है।"

टिप्पणी :—विशेष स्थिति में शोधप्रबन्ध हस्तलिखित पुस्तकों का समालोचनात्मक सम्पादन (क्रिटिकल एडिटिंग) हो सकता है।

वाचस्पति उपाधि के लिए मुद्रित ग्रन्थ भी प्रस्तुत किया जा सकता है। ऐसे ग्रन्थ की जांच करके पहले अनुसंधान उपाधि समिति संतुष्ट हो जायेगी तभी विद्या-परिषद् से परीक्षक की नियुक्ति की संतुति करेगी।

(१०) अभ्यर्थी को यह निर्दिष्ट करना होगा कि उसने अपने शोधप्रबन्ध (थीसिस) में कहाँ तक अपने अनुसन्धान एवं पर्यवेक्षण का समावेश किया है तथा उसकी दृष्टि में उसके शोधकार्य ने कहां तक उस विषय के ज्ञान को आगे बढ़ाया है।

(११) अभ्यर्थी सहायक-विषय के रूप में अपने विषय की पुष्टि के लिए

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



स्वयं अथवा अन्य व्यक्ति के साथ प्रकाशित अपने किसी मुद्रित लेख या लेखों को भी प्रस्तुत कर सकता है। सहायक विषय के रूप में प्रस्तुत किये गये अन्य व्यक्ति के साथ प्रकाशित लेख के विषय में पूर्ण विवरण देना आवश्यक होगा कि उस लेख में अपना अंश कितना है।

(१२) अभ्यर्थी अपने शोध प्रबन्ध (थीसिस) में उस विषय पर लिये गये अपने अन्य शोध कार्य का अंश सम्मिलित कर सकता है किन्तु वह अपने किसी शोध कार्य अथवा उसके पर्याप्त भाग का अपने शोध प्रबन्ध (थीसिस) में सन्निवेश नहीं कर सकता है जिस पर उसे इस विश्वविद्यालय अथवा किसी अन्य विश्वविद्यालय से उपाधि मिल चुकी हो।

(१३) परीक्षक शोध प्रबन्ध (थीसिस) का परीक्षण करेंगे तथा अपना प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र पर प्रेषित करेंगे। अपने प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पूर्व परीक्षक एक दूसरे से परामर्श कर सकते हैं। शोध प्रबन्ध (थीसिस) में सुधार के लिए ऐसे सुझाव जिसे वे उचित समझें, दे सकते हैं।

(१४) शोध प्रबन्ध के निरीक्षण के उपरान्त वे सुझाव दे सकते हैं कि शोधप्रबन्ध स्वीकृत / अस्वीकृत कर दिया जाय अथवा विद्या परिषद् के निर्णय के दिनांक से दो वर्ष के अन्दर अभ्यर्थी को संशोधित रूप में अपने शोध प्रबन्ध को पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाय। परन्तु संशोधन की संस्तुति करते समय यह आवश्यक होगा कि परीक्षक संशोधन के लिए अभ्यर्थी को स्पष्ट निर्देश दे। यदि अनुसन्धान उपाधि समिति यह समझती है कि संशोधन के निर्देश अस्पष्ट या अपर्याप्त है तो संशोधन की संस्तुति को अस्वीकृत की संस्तुति घोषित करेगी।

(१५) यदि सभी परीक्षक यह प्रतिवेदित करते हैं कि प्रबन्ध सन्तोषजनक है तो विश्वविद्यालय अनुसंधान उपाधि समिति एवं संबद्ध संकाय समिति के समक्ष वाक् परीक्षा का आयोजन करेगा।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



(१६) यदि वाक् परीक्षा के परीक्षक भी सन्तुष्ट हैं तो आवश्यक कार्यवाही के लिए विद्वत् परिषद् के समक्ष प्रबन्ध और वाक् परीक्षा के परीक्षकों की संस्तुति रखेगा ।

(१७) विद्या-परिषद् सर्वसम्मति से की गयी संतुतियों को ही स्वीकार करेगी ।

(१८) अभ्यर्थी, प्रबन्ध के प्रकाशित होने पर, मुख-पृष्ठ के ऊपर इस बात का उल्लेख करेगा कि "यह सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की वाचस्पति (डी० लिट्०) उपाधि के लिए स्वीकृत प्रबन्ध है।"

(१९) अभ्यर्थी से परीक्षाशुल्क ३०० रु० लिया जायेगा ।

(२०) प्रत्येक परीक्षक को प्रबन्ध पढ़ने के लिए ७५) रु० शुल्क दिया जायगा किन्तु जब परीक्षक वाक् परीक्षा में भी रहेगा तब उसे कुल १००) रु० दिया जायगा । प्रबन्ध पढ़ने वाले परीक्षक से भिन्न वाक् परीक्षक को ५०) रु० दिया जायगा ।

## वाचस्पति ( डी० लिट्० ) उपाधि के लिए परीक्षकों का प्रतिवेदन

परीक्षक प्रतिवेदित करते हैं कि..............................ने वाचस्पति (डी० लिट्०) उपाधि के लिए प्रबन्ध प्रस्तुत किया है ।

भाग—१ (प्रबन्ध के परीक्षक मात्र के लिए)

(क) प्रबन्धके परीक्षण के पश्चात् परीक्षक प्रतिवेदित करता है कि अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत प्रबन्ध :—

(१) निम्नलिखित के द्वारा विशिष्ट ज्ञान की दिशा में मौलिक देन है :—

(क) नवीन तथ्यों की खोज तथा उनका महत्त्व या

(ख) तथ्यों अथवा सिद्धान्तों का नूतन प्रतिपादन ।

(२) प्रबन्ध, अभ्यर्थी का आलोचनात्मक परीक्षण तथा निर्णय की योग्यता स्पष्ट करता है, तथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri



Acc. No. 888

(३) जहां तक साहित्यिक प्रस्तुति का सम्बन्ध है, प्रबन्ध सन्तोषप्रद तथा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय की वाचस्पति ( डी० लिट्) उपाधि के लिए स्वीकृत प्रबन्ध के रूप में प्रकाशन के उपयुक्त है।

(ख) प्रबन्ध परीक्षण के पश्चात्, परीक्षक संस्तुति देता है कि प्रबन्ध वाचस्पति उपाधि के योग्य नहीं है )

(ग) प्रबन्ध परीक्षण के पश्चात्, परीक्षक संस्तुति देता है कि अभ्यर्थी को अपना प्रबन्ध संशोधित रूप में पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति दी जाय।

भाग—२ : (वाक् परीक्षा के परीक्षकों के लिए)

परीक्षक प्रतिवेदित करते हैं कि हमने अभ्यर्थी की वाक् परीक्षा प्रबन्ध के विषय पर ले ली है तथा हमें सन्तोष है कि (१) वह विषय के वाङ्मय से परिचित है, (२) कि प्रबन्ध, अभ्यर्थी की मौलिक कृति है, तथा (३) कि अभ्यर्थी, आलोचनात्मक परीक्षक और निर्णय की योग्यता स्पष्ट करता है।

भाग—३ : परीक्षकों को यहां उन आधारों पर संक्षिप्त वक्तव्य देना है जिन पर भाग २ के अधीन संक्षेपित निर्णय आधृत है)।

भाग—४ : परीक्षक संस्तुति देते हैं :—

(क) कि अभ्यर्थी को वाचस्पति (डी० लिट्०) की उपाधि प्रदान की जाय।

(ख) अभ्यर्थी को वाचस्पति ( डी० लिट्० ) की उपाधि न प्रदान जाय।

प्रबन्ध परीक्षक

वाक् परीक्षा परीक्षक।

यह अध्यादेश दिनांक ६-२-१९७५ से प्रभावी होगा तथा "वाचस्पति" उपाधि से सम्बद्ध पूर्व स्वीकृत अध्यादेश तथा संशोधन एतद्द्वारा निरस्त किये जाते हैं।

(विद्या परिषद् की बैठक दिनांक ७-८ फरवरी १९७५ में तथा कार्य परिषद् की बैठक दिनांक ९-२-७५ में स्वीकृत)।

* चिन्हित संशोधन विद्या परिषद् द्वारा दि० २८-१२-७५ को संस्तुत एवं कार्य परिषद् की बैठक दि० १६-२-७६ में स्वीकृत।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

# सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालय, वाराणसी के कतिपय विशिष्ट प्रकाशन

१. प्रत्याख्यानसंग्रहः—( व्याकरण ) नागेशभट्टकृत ( आकार रायल, पृ० ५६ ) ४—००

२. वाक्यपदीयम्—( प्रथम काण्ड ) प० रघुनाथ शर्मा कृत 'अम्बाकर्त्री' व्याख्या सहित, संशोधित द्वितीय संस्करण, ( आकार रायल, पृ० २६९ ) २६—००

३. वाक्यपदीयम्—( द्वितीय काण्ड ) ( आकार रायल, पृ० ५९१ ) २८—००

४. वाक्यपदीयम्—( तृतीय काण्ड )

५. व्याकरणदर्शनभूमिका—प० रामाज्ञापाण्डेय द्वारा विरचित, ( आकार डिमाई, पृ० ३०३ ) ५—००

६. व्याकरणदर्शनपीठिका—( आकार डिमाई, पृ० २४२ ) ४—००

७. पाणिनीयधातुपाठसमीक्षा—( शोध प्रबन्ध ) ले० डॉ० भागीरथप्रसाद त्रिपाठी 'वागीश शास्त्री' ( आकार रायल पृ० ७८६ ) १८—५०

८. प्रक्रियाकौमुदीविमर्शः—( शोध प्रबन्ध ) ले० आद्याप्रसाद मिश्र ( आकार रायल, पृ० १५९ ) ८—००

९. पाणिनीयव्याकरणे प्रमाणसमीक्षा—( शोध प्रबन्ध ) ले० डॉ० रामप्रसाद त्रिपाठी ( आकार रायल, पृ० ४७६ ) २६—२५

१०. कातन्त्रव्याकरणविमर्शः—( शोध प्रबन्ध ) ले० डॉ० जानकी प्रसाद द्विवेदी ( आकार रायल, पृ० ३७६ ) ४०—००

११. प्राच्यभारतीयम् ऋतुविज्ञानम—(शोध प्रबन्ध) ले० डॉ० धुनीराम त्रिपाठी ( आकार रायल, पृ० २७० ) १८—००

१२. काण्वसंहिताभाष्यसंग्रहः—( वेद ) आनन्दबोध भट्टोपाध्याय द्वारा रचित ( आकार रायल, पृ० २०४ ) १४—००

१३. न्यायसिद्धाञ्जनम्—( वेदान्त ) वेदान्तदेशिक कृत। पं० नील-मेघाचार्य कृत भाषानुवाद सहित, ( आकार रायल, पृ० ७३० ) २५—००

१४. न च रत्नमालिका—( न्याय ) ( आकार रायल, पृ० २१८ ) ६—५०

१५. शाण्डिल्यभक्तिसूत्रम—( भक्तिचन्द्रिका ) नारायणतीर्थकृत ( आकार डिमाई, पृ० ४१९ ) १०—००

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

१६. भक्तिरत्नावली—संस्कृत एवं भाषानुवाद के साथ
( आकार रायल, पृ० २०८ ) १५–००

१७. विष्णुधर्मोत्तरपुराणम्—( चित्रसूत्र ) ( आकार रायल, पृ० ६४ ) ७–२५

१८. नित्याषोडशिकार्णव:—( तन्त्र ) टीकाद्वय-संवलित
( आकार रायल, पृ० ५५४ ) २५–००

१९. महार्थमञ्जरी—( तन्त्र ) स्वोपज्ञपरिमलाख्य व्याख्या सहित
( आकार रायल, पृ० ३०३ ) १७–५०

२०. लुप्तागमसंग्रह:—भाग १ ( तन्त्र ) (आकार रायल पृ० ३४२) १२–००

२१. तन्त्रसंग्रह:—भाग १ ( तन्त्र ) ( आकार रायल, पृ० ३३८ ) १६–००

२२. तन्त्रसंग्रह:—भाग २ ( तन्त्र ) ( आकार रायल, पृ० ३३८ ) १७–००

२३. संस्कारदीपक:—( धर्मशास्त्र ) ले० हर्षनाथ झा
( आकार रायल, पृ० ३४० ) ७–००

२४. क—शुद्धाद्वैतमार्तण्ड ( वल्लभ वेदान्त )
ख—प्रमेयार्णव ( वल्लभ वेदान्त )
ग—ब्रह्मवाद ( वल्लभ वेदान्त ) ( आकार डिमाई, पृ० १५० ) ५–००

२५. अभिधम्मत्थसंगहो—भाग १ ( बौद्धदर्शन ) भाषानुवाद के साथ
( आकार रायल, पृ० ५२६ ) १५–००

२६. अभिधम्मत्थसंगहो—भाग २ ( बौद्धदर्शन ) भाषानुवाद के साथ
( आकार रायल, पृ० ७०० ) २०–००

२७. विसुद्धिमग्गो—भाग १–३ (पाली) आचार्य बुद्धघोष प्रणीत। भदन्त धर्मपाल द्वारा विरचित 'परमार्थमञ्जूषा' ( पालि भाषा की ) टीका के साथ

विसुद्धिमग्गो—प्रथम भाग ( आकार रायल, पृ० ६४४ ) ३६–००
विसुद्धिमग्गो—द्वितीय भाग ( „ „ पृ० ५४८ ) ३२–००
विसुद्धिमग्गो—तृतीय भाग ( „ „ )

( विस्तृत सूचीपत्र उक्त विश्वविद्यालय के प्रकाशन विभाग निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है )।

मुद्रक :—श्रीगोकुल मुद्रणालय, गोपाल मन्दिर लेन, वाराणसी।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu